संकल्प अभियान की 122 वीं कार्यशाला

सोशल साइट्स पर दोस्त भी बनाएं सोच-विचारकर

इंदौर (आरएनएन)। संकल्प अभियान के तहत साइबर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल के आईजी वरुण कपूर डोर टू डोर जाकर साइबर क्राइम से बचने के गुर सिखा रहे हैं। अभियान की 122 वीं कार्यशाला चोईथराम कॉलेज ऑफप्रोफेशनल स्टडीज में आयोजित की गई जिसमें 334 छात्र-छात्राएं एवं फेकल्टीज ने भाग लिया। आईजी कपूर ने कार्यशाला में शामिल छात्र-छात्राओं को टिप्स देते हुए कहा कि फेसबुक और सोशल साइट्स पर यदि दोस्त बनाना हो तो भी सोच समझकर जल्द बाजी में निर्णय न लें। उन्होंने इसके साथ ही कई टिप्स दिए।

- आधुनिक टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल सुरक्षित ढंग से करते हुए उसका इस्तेमाल अपने लाभ के लिये करें न कि दूसरों को नुकसान पहुंचाने में।
- सायबर दुनिया के मायाजाल में काल्पनिक चीजों के पीछे भागने की अपेक्षा मेहनत कर अपना मुकाम प्राप्त करें।
- आज पूरा विश्व मोबाईल, इंटरनेट के माध्यम से आपस में एक हो गया है।
- रोजमर्रा के सभी कार्यों में इंटरनेट का उपयोग सामान्य बात है, वहीं सबसे तेजी से बढ़ने वाला अपराध भी, सायबर अपराध है।
- आज आमजन को नित नये-नये सायबर अपराधों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी जानकारी हमें समाचार-पत्रों/न्यूज चैनलों से प्रतिदिन प्राप्त हो रही है।
- फेसबुक एवं अन्य सोशल साईट्स पर युवा सोच समझकर ही फ्रेंड्स बनाये।



- मोबाईल-इंटरनेट का उपयोग करते समय लॉटरी खुलना, ईनाम लगना आदि कई प्रलोभनों के मैसेज आते है, जिनसे बचना चाहिये क्योंकि बगैर किसी कार्य के आपको कोई भी कुछ भी फ्री में नहीं देगा।
- इसको नियंत्रित करने व इसके दुष्प्रभावों से बचने का सबसे सशक्त माध्यम है युवाओं, छात्रों व आम नागरिकों की-जागरूकता।
- इनसे बचने के लिये इसके कानून आईटी एक्ट एवं उसकी धाराओं की जानकारी भी होना चाहिये क्योंकि जानकारी ही स्वयं के बचाव का माध्यम होती है।

कपूर ने छात्र-छात्राओं के पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिया। उपस्थितजन इस साइबर ज्ञान को प्राप्त करने के लिए बेहद उत्साहित दिखे। उनका कहना था कि साइबर के बारे में आज हमें वे बातें भी पता चल गई हैं जो छोटी-छोटी हैं लेकिन उनके महत्व को नकारा नहीं जा सकता। इस सत्र के उपरान्त एसपी सुदीप गोयनका ने भी उपस्थितजनों को साइबर संबंधी छोटे-छोटे टिप्स दिए जिससे साइबर स्पेस का सुरक्षित इस्तेमाल करने किया जा सकें। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं क्रमशः चंद्रशेखर उपाध्याय, कु. सानिया घोलप एवं मानसी पंजाबी को कपूर ने प्रमाण-पत्र व गोल्डन बैज प्रदान कर सम्मानित किया।